प्रेस नोट

फर्जी पासपोर्ट प्रकरण में फरार अभियुक्त चाँद बाबू, लखनऊ एयरपोर्ट से गिरफ्तार

दिनाँक : 02जून, 2019

दिनांक 01-06-19 समय 23.15 को उत्तर प्रदेश एटीएस द्वारा वांछित अभियुक्त चाँद बाबू को अमौसी एयरपोर्ट लखनऊ पर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त चाँद बाबू के विरुद्ध उ.प्र. एटीएस के अनुरोध पर आईबी द्वारा लुक आउट सर्कुलर (LOC)जारी किया गया था। चाँद बाबू द्वारा फर्जी पता दर्शा कर पासपोर्ट बनवाया गया था।

अभियुक्त का नाम पता –

- नाम-चाँद बाबू उम्र- 49 वर्ष
- पिता-अत्ताउल्ला सिद्दीकी
- पता - ग्राम बनगाँव, थाना टिकैतनगर, तहसील रामसनेही घाट जनपद बाराबंकी |
- फर्जी पता – 105/38 फूलबाग कैसरबाग लखनऊ

अभियुक्त का विवरण

चाँद बाबू s/o-अत्ताउल्ला सिद्दीकी
पता - ग्राम बनगाँव थाना टिकेत नगर
तहसील रामसनेही घाट जनपद बाराबंकी

विवरण -

- चाँद बाबू थाना एटीएस, लखनऊ पर पंजीकृत Case Crime no 03/2009 Us 420,467,468,471 IPC & 12(1), 12(2) passport act मे वांछित चल रहा था।
- उपरोक्त मुकदमा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट प्राप्त करने की जानकारी होने के बाद चाँद बाबू आदि के विरुद्ध 25-11-2009 को पंजीकृत किया गया था।
- चाँद बाबू का पासपोर्ट लखनऊ से जारी हुए था।
- इसका असली पता- ग्राम बनगाँव, थाना टिकैतनगर, तहसील रामसनेही घाट, जनपद बाराबंकी था। इसने फर्जी पते- 105/38 फूलबाग,थाना कैसरबाग, लखनऊ के पते पर पासपोर्ट बनवाया था।
- एटीएस द्वारा विदेश मंत्रालय के माध्यम से इसका पासपोर्ट निरस्त कराने हेतु लिखा गया था।
- चाँद बाबू की गिरफ्तारी हेतु 13 जून 2018 को Look Out Notice जारी किया था ।
- चाँद बाबू फ्लाइट से लखनऊ आया जहाँ इसे इमीग्रेशन द्वारा रोका गया। सूचना मिलने पर यूपी एटीएस टीम द्वारा गिरफ्तारी की गयी।

<u>पूछताछ और अग्रिम कार्यवाही के बिन्दु -</u>

- चाँद बाबू ने किसकी मदद से पासपोर्ट बनवाया था।
- यह फर्जी पासपोर्ट लेकर कहा-कहा गया था क्या कार्य कर रहा था।
- चाँद बाबू से अन्य बिन्दुओं पर पूछताछ की जा रही है।

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम-</u>

यूपी एटीएस के उ.नि. मो.तारिक, मुख्य आरक्षी ब्रह्मदेव राय, आरक्षी योगेंद्र शुक्ला, आरक्षी विपिन कुमार, की टीम ने उपरोक्त गिरफ्तारी की।

राजकरन नैय्यर, पुलिस अधीक्षक यूपी एटीएस
मोबाइल नंबर - 9454402333

UTTAR PRADESH UP ATS ANTI-TERROR SQUAD

फोटो प्राप्त करने के लिये यहाँ क्लिक करें –

https://drive.google.com/file/d/1VSAoMceIR7DtcB6sGxMYEkjefs3IfiAx/view?usp